हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025

06 ऐसे भी वितरणः 660 राशन दुकानों का संचालन...



07 डैम भराने की कगार पर अंदर से है क्षतिग्रस्त





**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 1 को

**नर्मदापुरम।** आगामी माह में आयोजित होने वाले पर्वो एवं त्यौहारों के संबंध में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में 1 अगस्त 2025 शुक्रवार को सुबह 11 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी।

### विधायक निधि से प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक सिवनीमालवा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.खं./न.पा. सिवनीमालवा, केसला एवं नर्मदापुरम के 48 हितग्राहियों को 06 लाख 47 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। योजना एवं सांख्यिकी कायार्लय नर्मदपुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सिवनीमालवा, श्री प्रेम शंकर वर्मा की अनुशंसा पर वि.खं./न.पा. सिवनीमालवा एवं नर्मदापुरम के 23 हितग्राहियों को अत्यंत गरीब, प्रोत्साहन एवं इलाज के लिए 20-20 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

# आस्था और सेवा के मेले का संध्या आरती के साथ आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान भोलेनाथ की नगरी पचमढ़ी में पद्मशेष नागदेवता के दर्शन करने के लिए साल में एक बार की जाने वाली नागद्वारी यात्रा 19 जुलाई से निरंतर चालू है एवं आज नागपंचमी के दिन यात्रा का समापन होगा। प्रारंभिक तिथि से नागपंचमी तक अनुमानित 5 लाख श्रद्धालु नाग देवता के दर्शन कर चुके हैं। आज अंतिम दिवस भी श्रद्धालुओ का अनवरत रेला लगा हुआ है।10 दिनों तक चलने वाले इस मेले का आज संध्या आरती के उपरांत समापन किया जायेगा। मेला अवधि के दौरान इन 10 दिनों में प्रशासनिक अमला अपनी पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ मेले के सफल संचालन हेतु दिन-रात तैनात रहा है। पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई गई है।

10 दिवसीय नागद्वारी मेले के समापन पूर्व कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### कलेक्टर ने लिया जायजा

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को एसपी सहित नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विषम परिस्थितियों में मेले का सफल संचालन करने हेतु सभी कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री मीना ने सेवा मंडलों द्वारा संचालित भंडारों में प्रसादी भी ग्रहण की।

### साल में बस एक बार मिलती है अनुमति

एसटीआर के कोर क्षेत्र का जंगल होने के कारण नाग पंचमी के मौके पर सिर्फ 10 दिनों के लिए मार्ग खोला जाता है। अन्य दिनों में प्रवेश वर्जित होता है। श्रद्धालुओं को साल में सिर्फ एक बार ही नागद्वारी की यात्रा और दर्शन का सौभाग्य मिलता है। यहां हर साल नागपंचमी के मौके पर एक मेला लगता है।

### सदियो पुरानी है यात्रा

नागद्वारी गुफा की यात्रा कई वर्षों से यह यात्रा अनवरत जारी है। भगवान महादेव ने भस्मासुर से बचने के लिए अपने गले के नाग को यहां छोड़ा था। उसी समय से यह नाग देवता पद्म शेष का स्थान रहा है। मुगल कालीन लेखों से लेकर अंग्रेज अफसर केप्टन जेम्स फॉरसिथ की बुक सभी में नागद्वारी यात्रा का उल्लेख मिलता है।

### अनेक कहानियां हैं प्रचलित

पुजारी उमाकांत झाडे बताते हैं कि 'लगभग 200 वर्ष पहले महाराष्ट्र के राजा हेवत चंद और उसकी पत्नी मैनारानी ने नागदेवता से संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी मन्नत पूरी होने पर नागद्वारी पहुंचकर नाग देवता की आंख में काजल लगाने का वचन दिया था। पुत्र के थोड़ा बड़े होने के बाद भी मैना रानी नागद्वारी नहीं गई।

### वासुकी नाग का परिवार

श्रद्धालूओं की मान्यता है कि पदमशेष वासूकी नाग अपनी देवियों चित्रशाला एवं चिंतामणी के साथ निवास करते थे। जो कि मुख्य मंदिर से पहले से प्रतिष्ठित हैं, यहां पर पूजा के रूप में हलवा एवं नारियल चढाया जाता है तथा अग्नी द्वार एवं स्वर्गद्वार में नींबू की भेट दी जाती है।

## संगीतमय महारूद्राभिषेक जारी ...




**नर्मदापुरम।** आचार्य पंडित सोमेश परसाई के पावन सानिध्य में श्रावण माह में विंध्याचल शेड पर प्रतिदिन की तरह, सावन सोमवार पर भगवान शिव का महारुद्राभिषेक और दिव्य भस्म आरती भी हुईं जिसमें शहर के सैंकड़ों लोगों ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सवा लाख रूद्री निर्माण एवं विशाल भंडारा आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कोठी बाजार नर्मदा के तट पर स्थित हनुमान धाम मंदिर में विगत 7 वर्षों से शिव भक्तों के द्वारा आचार्य पंडित अजय दुबे के सानिध्य में सवा लाख रुद्री निर्माण तथा द्वादश नर्मदेश्वर ज्योतिर्लिंग भगवान का अभिषेक का आयोजन नाग पंचमी से श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी तक किया जाएगा। आचार्य पंडित अजय दुबे ने बताया कि प्रातः 9 बजे शिव भक्तों के द्वारा रूद्री निर्माण प्रारंभ होगा। अनेक भक्तों द्वारा रुद्री निर्माण के साथ प्रदोष काल में शाम 5 बजे से शास्त्रीय नियम अनुसार रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। अभिषेक के उपरांत भंडारा होगा।

# रक्षाबंधन पर डाक विभाग ने जारी किए विशेष लिफाफे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

डाक भिाग द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों द्वारा अपने भाइयों को देश-विदेश में सुरक्षित रूप से राखी भेजने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी किए गए विशेष लिफाफे जारी किये गये हैं। इस संबंध में डाक विभाग के प्रमुख सागर एन. शाह, प्रवर अधीक्षक डाकघर, नर्मदापुरम् द्वाराकी जानकारी दी गई कि यह लिफाफा जलरोधक प्लास्टिक कवर से युक्त है एवं आकर्षक राखी के चित्रों के साथ मुद्रित है। इसकी कीमत 10/- निर्धारित की गई है। यह लिफाफा संभाग के सभी डाकघरों में उपलब्ध रहेगा। इस लिफाफे में भेजी गई राखी को स्पीड् पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है। इससे बहनों को राखी को अधिक सुरक्षित और सुंदर ढंग से भेजने की सुविधा प्राप्त होगी। राखी लिफाफा और अन्य आवश्यक डाक सेवाएं मंगलवार से सभी भारतीय डाकघरों में उपलब्ध रहेंगी। भारतीय डाक के साथ मनाएं रक्षाबंधन और अपने प्रियजनों को देश-विदेश में सुरक्षित रूप से राखी एवं उपहार भेजे जाने के लिए बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है।

# रिमझिम बारिश का दौर सावन में जमकर बरस रहे बदरा, अब तक 764.3 मिमी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 28 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 764.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 625.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 27 जुलाई से 28 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 2.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 13.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 9.8 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 947.60 फीट है,



तवा जलाशय का 1159.10 फीट है, बरगी जलाशय का 420.15 मीटर एवं बारना जलाशय 346.58 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

# नारी गरिमा पर प्रहार, नहीं करेंगे कभी स्वीकारः राज्यसभा सांसद माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



28 जुलाई टीवी डिबेट के दौरान समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को संसद भवन के मकर द्वार पर एनडीए की महिला सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिला सांसदों ने तख्तियाँ लेकर नारे लगाए, नारी गरिमा पर प्रहार, नहीं करेंगे कभी स्वीकार। उन्होंने कहा कि इस तरह की अभद्र टिप्पणियाँ सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे महिला समाज का अपमान हैं। महिला सांसदों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, और ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाएगा। प्रदर्शन में मौजूद मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया ने कहा, मैं मौलाना साजिद रशीदी की अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करती हूँ।

# नीरज की मौत मामले में जांच समिति ने प्रारंभ की जांच, हरिभूमि की जांच में इलाज में लापरवाही की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बहुचर्चित नीरज राजपूत संदिग्ध मौत के मामले में दयाल अस्पताल के खिलाफ जांच प्रारंभ हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित की गई चार सदस्यीय जांच टीम ने सोमवार को मृतक नीरज के पिता धनपाल ओर परिवार के लोगों के लिखित बयान लिए। मामले में लगातार गहन जांच कर रही हरिभूमि टीम को कुछ अन्य तथ्यात्मक जानकारी मिली हैं जिनके आधार पर नीरज राजपूत की मौत में दयाल अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया जा सकता है। हरिभूमि ने नीरज की मौत के बाद से ही लगातार मामले पर नजर बनाए रखी थी। सबसे पहले यह बता दे कि सरकार के नियमानुसार जो भी अस्पताल आईसीयू और वेंटिलेटर यूनिट रन कर रहे है उनके पास एमडी मेडिसिन, एमडी एनेस्थीसिया, एमडी रेस्पिरेट्री डॉक्टर्स होना अनिवार्य है। इन डिग्रियों के साथ ये डाक्टरों को क्रिटिकल केयर की डिग्री, डिप्लोमा के साथ अनुभव होना भी अनिवार्य है। साथ ही ये तीनों डॉक्टर्स आठ आठ घंटे



की शिफ्ट में अस्पताल में मौजूद होना जरुरी है। तभी एक अस्पताल स्वयं को मल्टीस्पेशलिटी या सुपरस्पेशलिटी मानकर आईसीयू एवं वेंटीलेटर यूनिट रन कर सकता है। अब नीरज राजपूत मामले में सबसे बड़ा आरोप परिजनों ने यही लगाया है कि 4 जुलाई की रात जब उन्होंने नीरज को भर्ती कराया तो अगली सुबह तक कोई भी स्पेशल डॉक्टर ने नीरज को अटेंड नहीं किया। नीरज के भाई के लिखित ओर वीडियो बयान के अनुसार डॉ अचलेश्वर दयाल ने भी अगली सुबह ऑपरेशन के समय पहुंचकर नीरज को देखा। बड़ी बात यह है कि फीमोरल आर्टरी जिसका फटना नीरज की मौत का कारण बना यह क्रिटिकल सिचुएशन है।

जिसे डायग्नोस करने के लिए ऊपर लिखे हुए डिग्री ओर अनुभव वाले चिकित्सको की अनिवार्यता आवश्यक है। पूरे प्रकरण में सबसे बड़ी लापरवाही यही कही जा सकती है नीरज जिस क्रिटिकल सिचुएशन में था उसे समझकर डायग्नोस करने की जगह रात साढ़े नौ बजे से सुबह करीब 9 बजे तक वह ड्यूटी डॉक्टर ओर सामान्य स्टाफ की देखरेख में रहा जिसके चलते बार इस हद तक बिगड़ गई। हालांकि यह सभी संदेह जांच समिति की जांच के बाद ही साफ हो पाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट की है गाइडलाइंस

आईसीयू और वेंटिलेटर से संबंधित कई मामलों में देश के कई राज्यों के उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय तक ने निर्णय सुनाए है। जिसमें अगर निर्धारित पैमाने जैसे योग्य डिग्रीधारी एमडी एमएस डॉक्टर, राउंड दी क्लॉक उपलब्धता, क्रिटिकल केयर अनुभव आदि पर कोई अस्पताल खरा नहीं उतरता तो उनके आईसीयू ओर वेंटीलेटर यूनिट को बंद करने तक के आदेश दिए हुए है। नीरज के मामले में भी जांच कर रही टीम को इन बिंदुओं पर दयाल अस्पताल की जांच करनी चाहिए। ओर अगर इन पैमानों पर दयाल अस्पताल गलत साबित होता है तो यहां आए दिन होने वाली मरीज की जान से लापरवाही खत्म करते हुए आईसीयू ओर वेंटीलेटर यूनिट बंद करने की कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

### दिए दस्तावेज, अपने पक्ष सुनाया

सोमवार को सीएमएचओ द्वारा गठित जांच टीम ने नीरज के परिवार के बयान लिए। जिसमें नीरज के पिता और मामा ने लिखित बयान दर्ज कराए है जिसमें उन्होंने सभी शिकायतों की कॉपी, दयाल ओर अपोलो अस्पताल की डिस्चार्ज समरी, अपोलो के जाते समय नीरज का पैर हरा नीला हो जाना, ऑपरेशन के पहले नीरज का बात करना ओर ऑपरेशन के बाद से बात बंद करना सहित अन्य बातें शामिल हैं। बता दे कि नीरज की मौत मामले में डॉ सुनीता नागेश, डॉ सौम्य रघुवंशी, डॉ माहेश्वरी एवं एक अन्य डॉक्टर जांच कर रहे है। लिखित बयानों के बाद अब वे जल्द ही इटारसी आकर भौतिक रूप से एवं अन्य तथ्यों पर जांच करेंगे।

### पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया

सोमवार को जांच टीम के सामने नीरज के पिता और परिवार ने यह बात रखीं कि हमसे कहा गया आपका बेटा वेंटीलेटर पर जिंदा है। सिर्फ बीपी चल रहा है बाकी कॉमा में जा चुका है अगर वेंटीलेटर हटाएंगे तो वह नहीं बचेगा। ओर ऐसा ही हुआ। लेकिन जब उसका इलाज एक एक्सीडेंट के बाद ओर क्रिटिकल केयर के अंतर्गत हो रहा था तो डॉक्टर्स या पुलिस की तरफ से हमे पोस्टमार्टम के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं दिए गए। अस्पताल ने क्यों पुलिस को एमएलसी ओर मेमो नहीं भेजा हम तो इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं रखते हैं। अगर डॉक्टरों की सूझबूझ से नीरज का पीएम हो गया होता तो आज हमें न्याय जल्दी मिल जाता। इस संबंध में दयाल अस्पताल के संचालक डॉ अचलेश्वर दयाल का कहना है कि हमारे पास डॉ सौरभ पाठक, डॉ प्रखर दुबे एवं में स्वयं डॉ अचलेश्वर दयाल एमडी मेडिसिन, एनेस्थीसिया सहित अन्य डिग्री धारी है। हम तीनों क्रिटिकल केयर अनुभव भी हैं। मैने नीरज की भर्ती होने के

### स्वास्थ्य शिविर किए गए आयोजित

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में विश्व हैपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के दिशानिर्देश में जिला अस्पताल परिसर नर्मदापुरम एवं सिविल अस्पताल इटारसी के ओएसटी केंद्रों पर हैपेटाइटिस जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 128 आईडीयू और 292 कैदियों की हैपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई। तथा हैपेटाइटिस के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविर में डॉ. आर. के. चौधरी अधीक्षक इटारसी, आर. एस. चौहान जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट नर्मदापुरम, रत्ना टिप्पन, पियार सपोर्टर आदि उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी अभियान पर रैली का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के चौकसे द्वारा स्वयंसेवकों से आवाहन किया गया कि वह नशे से दूरी बनाकर रखें। जिससे युवाओं का सर्वांगीण विकास हो सकेगा तथा समाज को नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी । कार्यक्रम की द्वितीय चरण में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें छात्र-छात्राओं ने नशे से दूरी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील कुमार दिवाकर ने नशे से दूर रहने के लिए कहा एवं नशे से दूर रहने के फायदे से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ईरा वर्मा ने नशा के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि नशा विनाश को जन्म देता है।

## पंडित रामलाल शर्मा स्कूल के सभागृह में हुआ आयोजन

# म्यूजिक मेनिया सोसायटी फॉर सोशल एंड कल्चरल वेलफेयर ने मोहम्मद रफी को दी संगीतमयी श्रृद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

म्यूजिक मेनिया सोसायटी फॉर सोशल एंड कल्चरल वेलफेयर के म्यूजिक ज़ोन ने स्वर्गीय रफी साहब की पुण्यतिथि के मौके पर रफी के गीतों से सजी एक सुरमई संध्या का आयोजन किया गया।

आया सावन झूम के जिसमें रफी साहब के गए सभी विधाओं के गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी के पंडित रामलाल शर्मा स्कूल के सभागृह में आयोजित इस रंगारंग प्रोग्राम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित भवानी शंकर शर्मा विशेष अतिथि भोपाल से आए मशहूर संगीत तक एवं आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट,










म्यूजिक जॉन के संरक्षक पंडित गिरजा शंकर शर्मा एवं राकेश फौजदार, असीम विश्वास एवं राम परसाई, मुकेश जैन ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे से कलाकार अनेक गौर ने तेरी प्यारी प्यारी सूरत को गाकर कार्यक्रम का आगाज किया। मोहम्मद इमरान और भाग्यश्री दसीला ने टाइटल सॉन्ग आया सावन झूम के से सारी महफ़िल में जोश भर दिया। असीम विश्वास, हेमंत सूत्रकर, मुकेश गढ़वाल ने समां बाधा। कार्यक्रम के संचालक सईद कुरैशी ने अकेले हैं चले आओ जहां हो गाकर किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे नरेंद्र तिवारी,विवेक भदोरिया, अलोक राजपूत,कमलेश सक्सेना, मशहूर तबला वादक एवं पूर्व व्याख्याता पंडित रामसेवक शर्मा,आनंद नामदेव साहित्यकार महेश मूलचंदानी बाबूलाल कदम, कपूर नागर,भोपाल से मो. रफ़ी अकादमी के संचालक गुलाम कादर, डॉ विजय महंत, नूतन अग्रवाल,संगीत प्रोफेसर प्रेमकांत कटकवार, दिलीप गौड़, राजेश, हरनाम सिंह, प्रेमनारायण त्रिपाठी, मयंक, राजेश कुलश्रेष्ठ, अग्रवाल,

# जन अभियान परिषद ने किया नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा नवांकुर संस्था ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसायटी ने नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रोहना में जन अभियान परिषद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम पूरे प्रदेश में नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम के अंतर्गत अमावस्या से प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत ग्राम रोहना में नवांकुर संस्था ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसायटी ने नवांकुर सखी कार्यक्रम आयोजित कर कलश यात्रा एवं महिलाओं को वृक्ष वितरित के साथ अलग अलग चीजों के बीज वितरित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया हरियाली गीत के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। वहीं ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष साहिल तिलोटिया ने बताया कि यात्रा जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के जिला समन्वयक पवन सहगल और विकासखण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अभी तक 487.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 487.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 439.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 28 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 2.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.4, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 6.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 2.0, प्रभात पट्टन में 0.0, आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 3.3. तथा भीमपुर में 15.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**बैतूल।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जाएगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा। अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान का प्रथम चरण गृह भेंट आधारित नहीं होगा। यह सेवाएं आंगनबाडी केन्द्र पर संचालित की जाएगी एवं मॉप-अप दिवस में छूटे हुये बच्चों को गृह भेंट कर सेवाएं दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि इस अभियान के तहत अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लेकर जाएं और अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करें।

### फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बैतूल।** बैतूल जिले में खरीफ मौसम 2025 में फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने की इच्छुक अऋणी किसान अपनी निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र सीएससी एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं। अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज-बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बही एवं बटाईदार किसान या किराए पर ली गई भूमि के लिए मालिक द्वारा शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने जिले के किसानों से प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना से जुडक़र

## तीन समितियों ने राशन दुकान चलाने में जाहिर की असमर्थता

# ऐसे भी वितरण: 660 राशन दुकानों का संचालन, 22 दुकानें हुईं सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में राशन दुकान चलाने से समितियों का मोह भंग होते जा रहा है। हाल ही में जिले की 3 समितियों ने राशन दुकानों के संचालन में असमर्थता जाहिर की है। बताया जा रहा है कि इन समितियों के अंतर्गत 22 राशन दुकानें संचालित होती थी। ऐसे में जिन दुकानों के संचालन के लिए समितियों ने असमर्थता जताई है, वहां दुकानों के संचालन के लिए जिला खाद्य आपूर्ति विभाग को अलग से व्यवस्था करना पड़ रही है। बता दे कि जिले में 660 राशन दुकानों का संचालन हो रहा है। जिसमें राशन कार्डधारियों की संख्या 3.50 लाख से अधिक है। जबकि पात्र सदस्यों की संख्या 12.50 लाख के लगभग है। इन सभी पात्र सदस्यों को सरकार की तरफ से गेहूं, चावल का वितरण किया जाता है और हाल ही में सरकार की ओर से राशन उपभोक्ताओं को तीन माह का राशन एक साथ वितरित भी किया गया। लेकिन अब कुछ राशन दुकानदारों का कहना है कि सरकारी नीतियां उनके लिए मुश्किल पैदा कर रही हैं। कई समितियों को अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़ रहे है। जिससे वित्तीय बोझ बढ़ता है। यहीं कारण है कि समितियों ने दुकानों के संचालन के प्रति असमर्थता जाहिर की है।

### कम कमीशन और डिजिटल व्यवस्था भी कारण

माना जा रहा है कि राशन दुकान संचालन पहले फायदे का सौदा हुआ करता था। राशन वितरण में मोटा कमीशन मिलने के साथ ही दुकान संचालक ऊपरी तौर पर भी कमा लेते थे, लेकिन सरकार ने जब से राशन वितरण पीओएस मशीनों से ऑनलाइन शुरू किया हैं, तब से समितियों और दुकान संचालकों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। सरकार से मिलने वाला कमीशन भी कम हो गया हैं। ऐसे में दुकान संचालकों को पाइ-पाइ अनाज का हिसाब भी देना पड़ रहा है। संचालकों के लिए दुकान चलाना अब सिरदर्द साबित होने लगा है। जिसके चलते दुकानों को संचालन करना समितियों के लिए मुश्किल होता जा रहा है।



### भिन्न - भिन्न कारण बताकर कर रहे सरेंडर

एक समय था जब राशन दुकान लेने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता था, लेकिन अब राशन दुकान संचालक दुकान चलाने से हाथ खड़े कर रहे हैं। इसके पीछे दुकानदार व्यक्तिगत कारण बताते हुए दुकान संचालन में असमर्थता जाहिर की है। बताया गया कि आमला, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की दुकानें सरेंडर की गई है। हालांकि चर्चा है कि कमीशन में कमी और डिजिटल व्यवस्था के चलते लाइसेंस सरेंडर किए जा रहे हैं। राशन दुकानदारों का कहना है कि उन्हें दुकान चलाने में कई समस्याएं आ रही हैं। मसलन कर्मचारी नहीं हैं। राशन की बिक्री से होने वाली कमाई बहुत कम है, जिससे दुकान चलाना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों को अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं, जिससे वित्तीय बोझ बढ़ता है।

### इन राशन दुकानों ने किया सरेंडर

जिले के आमला, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की समितियों ने दुकानें के संचालन में असमर्थता जाहिर की है। इन समितियों के अंतर्गत धपाड़ा, भौंरा, कछार, झापड़ी, सालीमेट, मोतीढ़ाना, सिलपटी, पहावाड़ी, देशावाड़ी, सीवन पाट, लोनिया, खैरवानी, कुही, छुरी, सलैया, चि.आमढाना, कोलगांव, रमली, नांदपुर, बोडख़ी, गोठिया, जमदेही खुर्द की राशन दुकानें शामिल है। हालांकि 22 दुकानों के सरेंडर होने के बाद जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने राशन दुकानों के संचालन के लिए टेंडर निकाले गए है। हालांकि विभाग द्वारा इन दुकानों में अलग से व्यवस्था कर खाद्यान्न का वितरण कराया जा रहा हैं। राशन दुकान संचालन के लिए अब स्व सहायता समूहों को जिम्मेदारी सौंपने पर विचार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

जिले की 3 समितियों ने 22 दुकानों को सरेंडर किया है। इन दुकानों के संचालन के लिए टेंडर निकाले गए है। आवेदन आने के बाद जांच की जायेगी और अग्रिम कार्रवाही करेंगे।

**कृष्ण कुमार टेकाम**, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी बैतूल

## सेल्फी लेते समय हादसा

# दोस्तों संग पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत

### एसडीईआरएफ गोताखोरों ने पत्थरों के बीच से निकाला



**बैतूल।** बैतूल के खेड़ी के पास कन्हैया कोल झरने में रविवार को डूबे 16 साल के किशोर का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया। एसडीईआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटे की तलाश के बाद पीयूष परिहार का शव झरने के पानी के गिरने वाली जगह पर एक चट्टान के नीचे फंसा हुआ मिला। पीयूष रविवार को अपने दोस्तों के साथ झरने पर घूमने गया था। वो सेल्फी लेने के दौरान गहरे पानी की ओर बढ़ गया। अचानक उसका पैर फिसल गया और वो झरने में डूब गया। घटना के बाद से ही ग्रामीणों और पुलिस की मदद से तलाशी अभियान जारी था। तेज बहाव और पानी की गहराई के कारण रेस्क्यू में काफी कठिनाइयां आईं। सोमवार सुबह एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों के साथ मिलकर तलाशी अभियान तेज किया गया। दोपहर के समय शव पत्थरों के बीच फंसा हुआ मिला। खेड़ी चौकी प्रभारी राकेश सरेआम ने बताया कि किशोर के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

### जिला प्रशासन ने की अपील

जिला प्रशासन बैतूल ने मानसून के दौरान जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। इस संबंध में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विभाग द्वारा भी पूर्व में परिपत्र जारी किए हैं और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही हैं। भारी बारिश के समय कई नदी-नाले और पुल-पुलिया उफान पर होते हैं, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। प्रशासन ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति या वाहन ऐसी स्थिति में पुल-पुलिया पार न करें। सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे झरनों और अन्य जलप्रवाह वाले पर्यटक स्थलों के निकट न जाएं। विशेष रूप से अभिभावकों से बच्चों को ऐसे स्थानों पर जाने से रोकने की अपील की गई है।

## आर्केस्ट्रा में प्रथम, कव्वाली में द्वतीय स्थान पर रहा पाथाखेड़ा

### वेकोलि मुख्यालय नागपुर में हुई अंतर क्षेत्रीय कल्चरल मीट




**सारणी।** डब्ल्यूसीएल में अंतर क्षेत्रीय कल्चरल मीट 2025-26 का भव्य समापन हुआ। इसमें मुख्यालय की टीम ओवरआल विनर तथा पेंच क्षेत्र की टीम रनर-अप रही। मुख्यालय स्थित स्कृतिक भवन में वेकोलि द्वारा आयोजित अंतर क्षेत्रीय कल्चरल मीट 2025-26 का समापन एवं पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जेपी द्विवेदी तथा विशिष्ठ अतिथि गण निदेशक तकनीकी (संचालन) अनिल कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.) आनंद प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डा. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में संगीत, वाद्यय एवं गायन से जुडी कुल 28 श्रेणियां थी। जिसमे सुगम संगीत, इंडियन क्लासिकल (सोंग, डांस, इंस्ट्रूमेंट), फोक सोंग, कव्वाली, इंस्टुमेंटल, गिटार, सेक्साफोन, ट्रम्पेट सिंथेसाइकर, ह्यूमरस स्किट तथा ऑर्केस्ट्रा आदि सभी विधाओं में कुल 275 कर्मियों ने बढचढ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में इसी माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों ने विशेष हिस्सेदारी दर्ज कराई। विजेता गायन, नृत्य, फोक डांस एवं ऑर्केस्ट्रा विजेता टीम की प्रस्तुति ने समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के माहौल को सौम्य बनाया। अंतर क्षेत्रीय कल्चरल मीट में ओवरआल विनर वेकोलि मुख्यालय तथा रनर-अप पेंच क्षेत्र की टीम रही। समारोह में संचालन समिति तथा कल्याण मंडल के सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।

प्रदीपन संस्था ने कार्यक्रम का किया आम जन के लिए आयोजन

# ग्राम महदगांव में अनोखी की पहल निकाली नवांकुर सखी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रदीपन संस्था द्वारा ग्राम पंचायत महदगांव में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन परिसर में पंचायत के सरपंच नंदू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता को लेकर आयोजित इस आयोजन में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सुश्री प्रिया चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य श्रीमती कंचन कमल मालवीय, उप सरपंच श्रीमती माधुरी पाठा, जनपद भाजपा महामंत्री कमल मालवीय, ओबीसी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के रमेश पाठा तथा पूर्व उपसरपंच वीरेंद्र सिंह भडूस शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से की गई। इसके उपरांत प्रदीपन संस्था की ओर से सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री प्रिया चौधरी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रारंभ की गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एक अभिनव पहल है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है। इस अभियान का उद्देश्य है गांव-गांव में स्वैच्छिक आधार पर हरियाली बढ़ाना, महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोडऩा और पौधरोपण के साथ उसकी देखभाल सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से हर गांव में कम से कम 11 पौधे लगाए जाएंगे और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं के



माध्यम से निभाई जाएगी। यह अभियान न केवल पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता का भी उदाहरण है।

### हरियाली कलश यात्रा निकाली, प्रदान किए पौधे

कार्यक्रम के अंतर्गत सुनील पंवार के नेतृत्व में पंचायत भवन से शिव मंदिर तक हरियाली कलश यात्रा निकाली गई। इसमें नवांकुर सखियों और ग्रामीण महिलाओं ने पौधों और कलश के साथ सहभागिता की। यह यात्रा गांव में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनी। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रदीपन संस्था की टीम सुनील कुमार, रवि चवारे, राकेश तायवाड़े, दीपमाला खातरकर, अलका नागले, पूनम अतुलकर, तथा प्रस्फुटन समिति के सक्रिय सदस्य तुलसी मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास किया।कार्यक्रम का समापन पौध वितरण के साथ हुआ, जिसमें 150 पौधे नवांकुर सखियों को प्रदान किए गए।

### श्री पद्म शेषनागदेवता मंदिर में आज होगा विशेष पूजन और महाआरती

**बैतूल।** नागपंचमी पर्व के पावन अवसर पर आज 29 जुलाई को साहू समाज विकास समिति, सदर बाजार बैतूल के तत्वावधान में सुबह 10 बजे से श्री पद्म शेषनागदेवता मंदिर परिसर, भगतसिंह वार्ड में विशेष पूजन अनुष्ठान, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुदवारे तथा पदाधिकारीगण महेन्द्र कुमार गुदवारे, श्यामसुंदर साहू, सुखदेव साहू, सूर्यकांत साहू, बुधराव साहू, पप्पू साहू, हनुराज साहू और समिति की सभी महिला सदस्य मातृशक्ति द्वारा श्रद्धालुजन, धर्मप्रेमीबंधु, माताओं, बहनों, बुजुर्गों और युवा साथियों से निवेदन किया गया है कि वे कार्यक्रम में यथा समय उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। समिति ने नागपंचमी पर्व को भक्ति भाव एवं सामूहिक श्रद्धा के साथ मनाने की अपील की है।



### नाबालिक से बलात्कार एवं भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सारनी।** पुलिस ने नाबालिक से बलात्कार करने और भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 24 जुलाई को शांति नगर वार्ड क्रमांक 12 सारणी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक लडकी घर से सुबह 8 बजे स्कूल गई थी, जो शाम तक घर वापस नही आई है। रिपोर्ट पर थाना सारणी में धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में सारणी पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान 27 जुलाई को गुमशुदा अपहर्ता को नागपुर से दस्तयाब किया गया। चंदन खातरकर निवासी सारणी उसे दिनांक 24 जुलाई को भगाकर नागपुर ले गया था एवं उसके साथ जबरदस्ती गलत काम बलात्कार किया। अपहर्ता के कथनों के आधार पर प्रकरण में आरोपी चंदन पिता फत्तू खातरकर 32 नि शांति नगर सारणी पर पाक्सो एक्ट का ईजाफा कर न्यायालय बैतूल पेश किया गया।

## सभी के लिए नि:शुल्क उपलब्ध होगी शव फ्रीजर सेवा

### श्री राम जन्म उत्सव समिति बस स्टैंड की पहल



**मुलताई।** किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर परिजनो के आने तक शव को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती होता है। यह समस्या शव फ्रीजर ने बहुत हद तक कम कर दी है, किंतु इसकी उपलब्धता जनसंख्या के अनुपात में बहुत ही कम है। जिसे देखते हुए श्री राम जन्मोत्सव समिति बस स्टैंड के सदस्यों ने आपकी सहयोग से 70 हजार रुपए की लागत से डेड बॉडी फ्रीजऱ बॉक्स( शव फ्रीजर) निशुल्क सार्वजनिक उपयोग के लिए खरीदा है। जन्मोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय मोहित पाल की स्मृति में लाए गए इस शव फ्रीजर को बस स्टैंड डॉ. कृष्णा धोटे की क्लीनिक पर रखा गया है, जहां से आवश्यकता होने पर कोई भी व्यक्ति उपयोग के लिए इसे ली जा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पवित्र नगरी में जनसंख्या के आधार पर शव फ्रीजर की कमी बड़ी समस्या है। नगर वासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव फ्रीजर उपलब्ध हो लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं। जिसे महसूस करते हुए श्री राम जन्म उत्सव समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग से यह शव फ्रीजर उपलब्ध कराया है। इस समिति के सदस्यों का उल्लेखनीय पहलू यह है कि इसमें सभी युवा शामिल है जो समय-समय पर धार्मिक कार्यों का साथ ही जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जानकारी के अभाव में खराब हो रहे हैं शव फ्रीजर

पवित्र नगरी में शव को सुरक्षित रखने के लिए नगर के अनेक सामाजिक संगठन अपने-अपने सामाजिक स्तर पर शव फ्रीजर उपलब्ध कराते हैं लोगों का कहना है कि जो लोग इसे शव सुरक्षा के लिए ले जाते हैं वह लोग इसका ध्यान नहीं रख पाते। उपयोग की सही जानकारी न होने कारण अब यह फ्रीजर खराब होने लगे हैं। मुलताई नगर में गुरुद्वारा साहिब, साहू समाज, कुन्बी समाज और मुस्लिम समाज के पास यह शव फ्रीजर उपलब्ध है। सभी का कहना है कि उपयोग के लिए ले जाने वाले लोग इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाते जिससे यह खराब होने लगे हैं।

# बाढ़ में गर्भवती को बैलगाड़ी से पार करवाई नदी, बेटे को दिया जन्म

बैतूल

चिचोली ब्लॉक के बोड़ रैयत गांव में रविवार को एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। गांव के पास बहने वाली भाजी नदी बाढ़ से लबालब थी, लेकिन वहां पुल नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर महिला को बैलगाड़ी में बैठाया और नदी पार कराई। पानी के तेज बहाव में बैलगाड़ी के आगे-पीछे ग्रामीण चल रहे थे, ताकि महिला को कोई नुकसान न हो। सुनीता को नदी पार करने के बाद चिरापाटला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां नर्स पूनम उईके की निगरानी में उसने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। सुनीता की सास रामवती उईके ने बताया कि नदी का बहाव इतना तेज था कि वह खुद बहते-बहते बचीं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर ने नदी पर पुल बनाने के प्रस्ताव को फिर से भेजने की बात कही है। बोड़ गांव के लोग पिछले कई वर्षों से पुल की मांग कर रहे हैं। ग्रामवासियों



और सामाजिक संगठनों ने कई बार आंदोलन किए हैं। जयस संगठन दो बार प्रदर्शन कर चुका है। यह पहली बार नहीं है जब इस नदी ने जान जोखिम में डाली हो। अब श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेंद्र गढ़वाल ने चेतावनी दी है कि यदि 15 अगस्त तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो बड़ा आंदोलन होगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 31 को

**बैतूल।** महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 31 जुलाई दिन गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक वर्धमान हेल्थकेयर सेंटर चक्कर रोड कोठी बाजार बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मशीन द्वारा लीवर ,फेफड़ों की जांच, ईसीजी, ख़ून की जांच,दांतों की जांच,महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य जांच अनुभवी एवं प्रसिद्ध डाक्टरों व्दारा निशुल्क किये जाएंगे। महावीर इन्टरनेशनल ने इस निशुल्क शिविर में सभी लोगे से अधिक से अधिक लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## सेमझीरा में साइकिल वितरण

# अब बच्चे साइकिल से आएंगे स्कूल, खिल उठे चेहरे



**बैतूल।** शासकीय हाई स्कूल सेमझीरा तहसील मुलताई में शासन की निशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र बालक विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं संस्था के प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर द्वारा किया गया। प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर ने कहा कि इस योजना से ग्राम सेमझिरा हाई स्कूल मे आस पास के ग्रामों के विद्यार्थियों को इससे बहुत लाभ होगा और बच्चों को शाला आने में बहुत सुविधा होगी। आस पास के गाँव के पात्र विद्यार्थियों की दूरी दो किलोमीटर से अधिक दूरी से लेकर दस किलोमीटर तक है जिन्हे निःशुल्क सायकिल दी गई जहॉं से विद्यार्थी शाला आते है। ये विद्यार्थी ग्राम आमाडोह, उभारिया, रतनपुर, झिरीखापा आदि ग्रामों से विद्यालय पढऩे आते है। इस अवसर पर उपस्थित जनपद सदस्य श्री धुर्वे द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली शासन की योजनाओं के बारे में बताया और उनके लाभ बतायें। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मोहन लाल पवार, भूतपूर्व सरपंच कीर्तन सिंह राठौड, एसएमडीसी सदस्य लखनलाल पाठेकर उपस्थित रहे। विद्यालय के 12 पात्र बालक विद्यार्थियों को जन प्रतिनिधि की उपस्थिति में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। शाला से शिक्षक परसराम सूर्यवंशी, सोमसिंह सिसोदिया, सतीश सिंह रघुवंशी, संजय हाटेकर,शांति अखंडे उपस्थित रहे।

## हिंदू महाशक्ति संघ ने की महाआरती



**इटारसी।** हिंदू महाशक्ति संघ महिला मोर्चा द्वारा शिव मंदिर पुरानी इटारसी में महाआरती का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नम्रता दास ने बताया कि हिंदू को जगाने के लिए हर मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की जाएगी। पूजन के बाद प्रसादी वितरण की गई।इस दौरान हिंदू महाशक्ति संघ जिला अध्यक्ष कालीचरण बामने, नगर अध्यक्ष नम्रता दास, नगर उपाध्यक्ष सुमन तिवारी नगर, सचिव दिव्या पटेल, वार्ड प्रभारी प्रिया मेहरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अभिमन्यु ने योगासन स्पर्धा में दिखाया दम

**सिवनी मालवा।** नगर के युवा योग प्रतिभागी अभिमन्यु यादव ने हाल ही में आयोजित होशंगाबाद योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता में 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में अभिमन्यु यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सिवनी मालवा का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता वर्ष 2025 में आयोजित की गई थी, जिसमें अभिमन्यु ने भाग लेकर अपने योग कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अभिमन्यु, अधिवक्ता रामकिशोर यादव और बीआरसीसी संगीता यादव के पुत्र हैं और सिवनी मालवा के निवासी हैं। प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया था, जो योगासन भारत से सम्बद्ध है और भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है। प्रतियोगिता में अभिमन्यु को यह प्रमाण पत्र होशंगाबाद योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगाचार्य खुशवीर सिंह राजपूत एवं सचिव आचार्य ध्रुवेश शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। एसोसिएशन ने अभिमन्यु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



### 16 जीर्णशीर्ण भवनों के लिए दिए गए थे नगर परिषद की ओर से नोटिस

# शहर में लगातार जारी जीर्णशीर्ण भवनों के डिस्मेंटलिंग की कार्रवाई

**कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के पालनार्थ सोहागपुर नगर में जीर्ण-शीर्ण भवनों के डिस्मेंटल की कार्रवाई लगातार जारी है वहीं नपा द्वारा 15 लोगो को नोटिस जारी किये गये हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के पालनार्थ सोहागपुर नगर में जीर्ण-शीर्ण भवनों के डिस्मेंटल की कार्रवाई लगातार जारी है। एक सप्ताह से यह प्रक्रिया सोहागपुर नगर परिषद द्वारा की जा रही है।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में शनिवार को शहर के राजेंद्र वार्ड में खस्ताहाल भवन का डिस्मेंटल किया गया है। जानकारी अनुसार राजेंद्र वार्ड में संजीवनी क्लीनिक के समीप स्थित जीर्ण-शीर्ण मकान को गिराने की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों जिला नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा समूचे जिले में जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित करने तथा उन्हें डिस्मेंटल किए जाने के संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। ताकि इन भवनों के कारण किसी भी तरह से कोई जनक्षति ना हो।



एवं कलेक्टर के आदेश के परिपालन में नगर में यह कार्यवाही शुरू की गई है, जो कि आगामी समय में भी निरंतर जारी रहेगी।

### दिए थे 16 नोटिस

उल्लेखनीय है कि वर्तमान माह की शुरुआत में नगर परिषद में जीर्ण शीर्ण तथा चिन्हित भवनों के लिए 16 नोटिस वितरित किए थे। नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इनमें से 15 नोटिस निजी भवनों के लिए थे। जबकि एक नोटिस सामान्य वन विभाग कार्यालय के जर्जर शासकीय आवासों के लिए था। ये आवास सोहागपुर रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर शहर की दक्षिण दिशा में थे। तथा इनकी हालत बहुत खराब हो गई थी। वन विभाग के जर्जर आवासों को गत दिनों प्रशासन ने तोड़ा है।

### इटारसी में भी कई कार्रवाई

**इटारसी।** नगर पालिका के अमले ने विगत दिनों रेस्ट हाउस के सामने स्थित शासकीय प्राथमिक पुत्री शाला का जर्जर भवन ढहा दिया। सीएमओ ने बताया कि इसके अलावा शासकीय स्टेशनगंज स्कूल के जर्जर भवन का हिस्सा भी ढहाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने बताया कि नगर पालिका ने शहर में चिह्नित 58 जर्जर भवनों में से 13 मकान तोड़ दिये हैं, 12 भवन मकान मालिकों ने स्वयं तोड़ लिए हैं, शेष में मकान मालिकों ने मरम्मत कार्य करा लिया है, कुछ में किरायेदार और मकान मालिक का विवाद कोर्ट में है।

## डैम भराने की कगार पर अंदर से है क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा से कई डेमो के गेट शासन के द्वारा खोल दिए गए हैं लेकिन पिपरिया विधानसभा में भी नर्मदा नदी से लेकर सभी नदियां पुल पुलिया जलमग्न हो चुके हैं पर माता वितरण नहर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरी खेड़ा गांव में डोकरी खेड़ा डैम स्थापित है जहां के निवासी मेहरबान सिंह गज्जम ने बताया कि उनके जन्म से लेकर अभी तक वह देखते आ रहे हैं पहले या डेम लंबे अरसे के बाद भरता था। लेकिन अब हर तीन वर्ष में भरता है जिससे कि आसपास के सभी आदिवासी अपना जीवन यापन करने के लिए उसके पानी का उपयोग करते हैं जिसमें लगभग 30 गांव के सैकड़ो किस लगे हुए हैं। वहीं पर विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डैम के अंदर काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण लगातार खतरा बढ़ता जा रहा है डैम के अंदर नलकूप विभाग विद्युत यांत्रिकी लाइट मशीनरी के एसडीओ के द्वारा गेट के मरम्मत कार्य प्रतिवर्ष कराए जाते हैं प्रतिवर्ष ठेकेदार के लाखों रुपए के बिल लगते हैं तथा भुगतान भी होता है लेकिन उसके बाद भी गेट के अंदर परेल में क्रेक होने के कारण गैलरी जो लगभग 60 फीट लंबी है यहां पर दरार आने से लगातार 6 वर्षों से पानी का काफी रिसाव हो रहा है जिसके कारण कभी भी यदि कार्य नहीं किया गया तो डेम टूट सकता है यह सारी जानकारी एसडीओ से लेकर प्रमुख अभियंता को होने के बाद भी कई बार पत्र के माध्यम से विभाग के द्वारा अवगत कराया जा चुका है लेकिन विद्युत यंत्र की विभाग के एसडीओ ठेकेदार के नाम के बिल लगाकर अपने ही कर्मचारियों से गेटों में ग्रीस आई लगवा कर इति श्री कर देते हैं। माछा नहर मे सभी एसडीओ के द्वारा इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया है तत्कालीन एसडीओ एस के रामावत ने बताया कि उन्होंने शासन को पत्र के माध्यम से पूर्व वर्षों में ही अवगत करा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी यदि काम हो जाता है तो कोई अपनी घटना नहीं घटेगी और यदि कार्य नहीं होता है तो कुछ कहा नहीं जा सकता। एसडीओ अजय सिंह ने बताया कि अभी वर्तमान में 23 फीट पानी हो चुका है और 27 फीट में डैम भर जाता है। डैम के आज की भूमि पर पानी सूखने पर सभी आदिवासी अपनी खेती करते हैं शासन के द्वारा निर्धारित की गई राशि भी जमा करते हैं। अधिक पानी होने पर बेस्ट वेयर से पानी बाहर निकल जाता है।

## हरदा में हुई बर्बरतापूर्ण घटना को लेकर बढ़ रहा जनाक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

हरदा जिले में राजपूत समाज के शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

घटना की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने 23 जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र भेजते हुए कहा कि 13 अप्रैल को जिला हरदा मुख्यालय में राजपूत समाज द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने लाठीचार्ज किया, जिससे समाज में रोष है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसी तरह सिवनी मालवा के विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने भी 26 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि 13 जुलाई 2025 को हरदा जिले में राजपूत समाज के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस घटना से समाज में तीव्र आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि घटना की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन पर इस प्रकार की कार्रवाई गंभीर चिंता का विषय है और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सरकार इस घटना को गंभीरता से लेकर त्वरित जांच कराएगी। इस घटना के बाद से सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर भी चर्चा जारी है। समाज के लोग न्याय की मांग कर रहे हैं और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं।

## वन विभाग ने किया शहर पहुंचे चीतल का रेस्क्यू



**सोहागपुर।** सोहागपुर शहर में तीन दिन से एक घायल चीतल घूमता हुआ देखा जा रहा था। जिसकी सूचना रविवार को नागरिकों ने वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर रेंजर सुमित पांडेय ने चीतल के रेस्क्यू के लिए वन विभाग की टीम भेजी। टीम ने आम नागरिकों के सहयोग से रामगंज वार्डवासी अधिवक्ता शिरीष तिवारी के खेत से नर चीतल का रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने चीतल को सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया है।

## कार्यकर्ताओं ने बूथों पर सुनी 'मोदी के मन की बात'




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम भाजपा सोहागपुर मंडल क्षेत्र में रविवार को टीवी सेट्स व मोबाइल पर देखा व सुना गया है। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि मंडल के सभी पदाधिकारी रविवार को पातालकोट पहुंचे। जहां उन्होंने निर्धारित समय पर अपने-अपने मोबाइल में मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस दौरान भाजपाईयों ने पातालकोट की ऊंची पर्वत चोटी पर भाजपा का ध्वज लहराया। वहीं सोहागपुर मंडल क्षेत्र में भी प्रत्येक बूथ पर भाजपाईयों ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा एवं निर्धारित मोबाइल ऐप पर फोटो अपलोड किए।

अश्विनी सरोज ने बताया कि सोहागपुर भाजपा मंडल के सभी 55 बूथों पर कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को कार्यकर्ताओं द्वारा देखा गया।

## विश्व आदिवासी दिवस आयोजन को लेकर हुई बैठक



**सोहागपुर।** 14 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में एक बैठक गत दिवस सोहागपुर स्थित देनवा लॉज में आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि विश्व आदिवासी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा सोहागपुर, माखन नगर तथा शोभापुर के स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। बैठक में संजय अहिरवार, प्रकाश चंद अहिरवार, फागूराम अहिरवार, कैलाश खुराना, गेंदालाल, भागवत अमोले, संदेश गोलिया, मदनलाल बामने, आकाश अहिरवार, पहलवान सिंह, लालजी अहिरवार, संतोष अहिरवार, काशीराम अहिरवार, रमेश, रामभरोस, मेहरबान सिंह, संतराम वंशकार, मुन्नालाल, घनश्याम आदि उपस्थित थे।

## सफाई मित्रों को किया बरसाती का वितरण



**सोहागपुर।** महानगर हो या शहर या कस्बा हो या ग्राम। सभी में स्वच्छता कार्य सतत जारी रहने वाली सेवा है। निकायों के स्वच्छता कर्मी वर्षभर प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों में भी काम करते हैं। सफाई मित्र हमेशा मैदान में नजर आते है। ऐसे में नगर परिषद सोहागपुर के सफाई मित्रों को वर्षाकाल दौरान परेशानियों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए शनिवार को नप सभाकक्ष में सफाईमित्रों को बरसाती वितरित की गई हैं। जिसमें 31 महिला एवं 74 पुरुषों को बरसाती का वितरण किया गया है।

## जगह-जगह मनाई गई हरियाली तीज, भजनों की दी गई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



श्रावण मास में तीज तिथियां पर महिलाओं के द्वारा अपने अखंड सौभाग्य के साथ हरे वस्त्र एवं हरी चूड़ियों से श्रंगार करते हुए माता पार्वती एवं भगवान शिव का पूजन किया जाता है पिपरिया विधानसभा के विधायक ठाकुरदास नागवंशी के निवास पर उनकी पत्नी एवं महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ममता नागवंशी के द्वारा भी हरियाली तीज का आयोजन किया गया जिसमें महिला मोर्चा की तमाम महिलाओं के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया इसी तरह से ब्राह्मण समाज की महिलाओं के द्वारा भी हरियाली तीज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज की सैकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया तो वहीं पर जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्राम पंचायत बनवारी में हरियाली तीज पर कलश यात्रा एवं भजनों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पिपरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित सरपंच रीना रघुवंशी के द्वारा जोरदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलश यात्रा निकाली गई तथा आम के पौधों का वितरण किया गया इस दौरान जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक दयाशंकर उमरेएवं सरपंच पति खूबचंद रघुवंशी के साथ तमाम लोग उपस्थित रहे और तमाम मातृशक्ति की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पौधे लगाए, पक्षियों का रखा गया ध्यान, सुहागनों को बांटा सुहाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में हरियाली उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर सुहागन महिलाओं को सुहाग बाटा और फलदार वृक्ष लगाए गए। साथ ही पक्षियों के लिए एक सुरक्षित और भोजन युक्त ठिकाना उपलब्ध करने हेतु प्रयास किया। बता दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष संगीता मालवीय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। महिला मोर्चा व फलदार वृक्ष लगाने से न केवल वातावरण में सुधार होगा, बल्कि पक्षियों को फलों का भी लाभ मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष जागृति भदौरिया ने बताया कि पक्षियों के लिए फलदार वृक्ष पर आश्रय बनाना, उनकी सुरक्षा और संरक्षण में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर संगीता मालवीय, जागृति भदोरिया, हेमलता कदम, रानी रजक, नीतू सराठे सविता मालवीय, नीतू मालवीय, शीला मालवीय, सविता मालवीय, भारती मालवीय, मीना सोनी ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## वर्मा सेनानी परिवार ने नगर वासियों के सहयोग से निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय सेना के सम्मान में किया गया भव्य सिंदूर कांवड़ यात्रा में भगवान भोलेनाथ का श्रंगार कर पालकी में सवार कर दोपहर 2.00 बजे माखन नगर के सुप्रसिद्ध बाबडी वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई जो माखन नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर मंगलवार बाजार पहुंची जहां शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

कावड़ यात्रा में शिव भक्ति श्रद्धा दिखाई दे रही थी वही राष्ट्र प्रेम भी प्रदर्शित हो रहा था कावड़ यात्रा में जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक नगर के समाज सेवी संगठन ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहने संदीपनी विद्यालय के n c c के छात्र यूनिफॉर्म में शामिल हुए बरसते पानी में भगवान भोलेनाथ के जय कारे बोल बम लगाते हुए कावड़िया चल रहे थे वर्मा सेनानी परिवार दीपक वर्मा ने नगर की सामाजिक संस्थाओं एवं धर्म प्रेमी नागरिकों यात्रा को सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।



## माखननगर में संयुक्त मोर्चा मनाएगा विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित की गई बैठक में सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की आदिवासी महानायकों का स्मरण किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ की विश्व आदि दिवस 14 अगस्त को सुहागपुर माखन नगर एवं शोभापुर के स्वास्थ्य केंद्र में संयुक्त मोर्चा फल वितरित करेगा एवं पर्यावरण की रक्षा एवं प्रकृति की सुंदरता के लिए पौधारोपण किया जाएगा बैठक में संजय अहिरवार नेताजी प्रकाश चंद्र अहिरवार पूर्व जिला अध्यक्ष फागुराम अहिरवार कैलाश खुराना गेंदालाल भलावत अमोले संजय गोलियां मदनलाल अहिरवार आकाश अहिरवार पहलवान सिंह बक्शी लालजीराम संतोष अहिरवार काशीराम अहिरवार आदि मौजूद रहे।

### शास. गर्ल्स कालेज में हुआ आयोजन

# कालेज में मना प्रकृति संरक्षण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप आरबी पाठक, वन परिक्षेत्र अधिकारी चूरना एवं राम किशोर चौरे, सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला वन अधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है ताकि वे भी इनका उपयोग कर सकें। रामकिशोर चौरे ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण एवं समाज को वनस्पतियों और जीवों के महत्व के बारे में जागरूक करना अतिआवश्यक है। आरबी पाठक ने कहा कि हमें वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए, वनों को कटाई करने से रोकना चाहिए, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण आने वाली पीढियां के लिए बहुत जरूरी है।

## रवि शंकर बाल्मिक बने आजाक के जिला अध्यक्ष



**पिपरिया।** अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के अधिकारी कर्मचारियों के संगठन के चुनाव जिले के आठ चुनाव केदो पर संपन्न हुए जिनमें जिला अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने थे। इटारसी से स्वास्थ्य विभाग में कार्य गणेश उपरारिया एवं नगर पालिका परिषद पिपरिया में कार्यरत रवि शंकर बाल्मिक दोनों प्रत्याशी आमने-सामने थे पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नीति राज ठाकुर के द्वारा बताया गया कि लगभग 1200 मतदाता जिले में है जिसमें 900 मत पड़े हैं रवि शंकर बाल्मिक तीन मतों से जिला अध्यक्ष का चुनाव जीते हैं। पिपरिया में लगभग 400 मतदाता है जिनमें से 265 मत पड़े थे इस तरह से पूरी तरह से कहीं भी मतदान नहीं हुआ है तथा पिपरिया तहसील के लिए सुशील डागौर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। रवि शंकर बाल्मिक के चुनाव जीतने के बाद जोरदार जुलुस निकाला गया तथा उन्हें शुभकामनाएं बधाई दी गई शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र शिवराम उइके नीत राज सिंह ठाकुर शाहिद तमाम संगठन के पदाधिकारी ने उनका स्वागत सम्मान करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## वंशकार समाज की हुई बैठक

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश वंशकार समाज सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस ग्राम करनपुर में भगवत प्रसाद अमोले के निवास पर हुई। बैठक में समाज के विकास एवं सामाजिक एकजुटता पर चर्चा की गई। वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बैठक का मुख्य विषय रही। इस दौरान समिति के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अमरोही, कन्हैयालाल मोरे, सुरेश खेड़े, जिला अध्यक्ष कमलेश अमोले मौजूद थे।

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स: 07574-254072
महाविद्यालय कोड- 3202
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad
ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
NAAC Grade - B++

क्रमांक 1944/स्था./ 2025 — नर्मदापुरम, दिनाँक -28/07/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर निविदा जारी की गई है। निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर दर्शित प्रकिया अनुसार भाग लिया जा सकता है

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 25.07.2025 |
| 2. | End Date | 16.08.2025 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति अभियान के तहत आज कार्यक्रम

**हरदा।** 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन व पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने तथा नशे से दूरी बनाये रखने के लिये प्रेरित करने 29 जुलाई मंगलवार को मिडिल स्कूल ग्राउण्ड हरदा में दोपहर 2 बजे से प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों के मध्य रस्साकसी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, जनजागरूकता रैली व मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

### आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई होगी

**हरदा।** आमजन की समस्याओं के समाधान के लिये जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई इस मंगलवार 29 जुलाई से आगामी सूचना तक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं विभागीय अधिकारी आमजन की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण करेंगे। इससे पूर्व जनसुनवाई मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाती थी।

### जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**हरदा।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सोमवार को जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि शिविर में 108 कैदियों के हेपेटाइटिस बी और सी की जांच की गई। इनमें से 4 कैदी हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव पाए गये। वायरल लोड के लिए इन कैदियों के सैंपल लिये गये हैं। शिविर में नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, लैब टेक्नीशियन रानी राठौर, पीयर सपोर्टर रोहित योगी और नर्सिंग ऑफिसर अंकित सिंह मौजूद थे।

### जनसंपर्क अधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

**हरदा।** जिले में स्थानान्तरित होकर आये सहायक संचालक जनसम्पर्क सुरेन्द्र तिवारी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले श्री तिवारी राजगढ़ में पदस्थ थे।

### 24 घंटों में जिले में 7.4 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 7.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.3 मि.मी., टिमरनी में 10.2 मि.मी., खिरकिया में 10.2 मि.मी., सिराली में 13.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 562.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 512.8 मि.मी., टिमरनी में 720 मि.मी., खिरकिया में 628.9 मि.मी., सिराली में 462.2 तथा रहटगांव में 489.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 28 जुलाई तक 338.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बर्थ वेटिंग रूम

**हरदा।** जिले में लगातार वर्षा के दृष्टिगत जनजीवन व आवागमन बाधित हो रहा है। जिले में प्रसव हेतु स्वास्थ्य संस्था में आने वालीं गर्भवती माताओं को कोई असुविधा न हो, इस हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया, हंडिया व टिमरनी तथा जिला चिकित्सालय मे बर्थ वेटिंग रूम की स्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने मैदानी स्तर पर कार्यरत ए.एन.एम., सी.एच.ओ. एवं आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये हैं कि ऐसी सभी गर्भवती महिलाएं, जिनका प्रसव ई.डी.डी. अनुसार आगामी 7 से 10 दिवस के भीतर होना है, उन सभी गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती करायें, जिससे बिना किसी परेशानी या असुविधा के सुरक्षित प्रसव संपादित हो सकें। उन्होने निर्देशित किया है कि सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी संस्थाओं में संचालित बर्थ वेटिंग रूम में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

## विधायक के नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा

# कांवड़ यात्रियों का शिव भक्तों ने पुष्पमाला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

श्रावण माह के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर हर महादेव कांवड़ यात्रा श्रावण माह के तीसरे सोमवार को डॉ. आर.के. दोगने मित्र मंडल के बैनर तले निकाली गई। जिसमें हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने मुख्य रूप से शामिल हुए। हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रातः ग्राम हंडिया पहुंचकर माँ नर्मदा के पवित्र जल में स्नान कर रिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ व माँ नर्मदा का पूजन-अर्चन कर अपने साथियों व समस्त क्षेत्रवासियों के साथ कांवड यात्रा प्रारंभ की। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। हरदा विधायक डॉ. दोगने एवं समस्त कांवड़ यात्रियों का क्षेत्रवासियों व शिव भक्तों द्वारा जगह-जगह पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। डी.जे. एवं बैन्ड बाजों की धुन पर समस्त कावड़यि नाचते हुए माँ नर्मदा का पवित्र जल लेकर गुप्तेश्वर मंदिर हरदा पहँचे। जहाँ पर विधायक डॉ. दोगने एवं समस्त कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का मां नर्मदा के पावन जल से जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। उक्त कावड़ यात्रा में समस्त कांग्रेसजनों सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।


### भोले का श्रृंगार हुआ



पवित्र सावन माह के तृतीय सोमवार के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार हुआ। जिसमें महादेव अपने दिव्य ताम्रेश्वर स्वरूप में दिखाई दे रहे हैं। कलाकार जयकृष्ण चांडक का इस मंदिर में विगत इक्कीस सालों में सतत निन्यानवेवां श्रृंगार है। उन्होंने बताया कि इसको पूर्ण करने में करीब 8 घंटे का समय लगा। भोले के श्रृंगार में मिट्टी, रंग, चमकदार कपडा, चुनरी कपड़ा, फूलों की माला और रांगोली का उपयोग किया। इसमें रोहित सोनी का भी सहयोग रहा।


सनातन श्रद्धा की अनुपम मिसाल

### प्रयागराज से लाया गया गंगा जल भगवान ओंकारेश्वर को अर्पित



**खंडवा।** सनातन आस्था का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला जब उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से लाया गया पवित्र गंगा जल विधिविधान से भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को अर्पित किया गया। प्रयागराज निवासी श्रद्धालु पंकज चौधरी और धर्मेन्द्र चौधरी ने सैकड़ों किलोमीटर की कठिन यात्रा पूर्ण श्रद्धा के साथ तय कर यह पावन गंगाजल ओंकारेश्वर लाकर प्रस्तुत किया। मंदिर के विद्वान पुजारियों द्वारा भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक कर विशेष पूजन सम्पन्न किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने गंगाजल के साथ पावन ॐकार पर्वत की परिक्रमा भी लगाई। परिक्रमा के दौरान वातावरण भक्ति और पुण्य की दिव्य ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालु पंकज चौधरी ने बताया कि प्रयागराज त्रिवेणी संगम से लाया गया गंगा जल सावन मास में भगवान शिव को अर्पित करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि उज्जैन में बाबा महाकालेश्वर को जल चढ़ाने के बाद उन्होंने भगवान ओंकारेश्वर का भी गंगा जल से अभिषेक किया है। यह संपूर्ण आयोजन सनातन धर्म में आस्था, निष्ठा और परंपरा का एक अमिट प्रतीक बन गया।

### सावन के तीसरे सोमवार पर ओंकारेश्वर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**खंडवा।** सावन महीने के तीसरे सोमवार पर ओंकारेश्वर तीर्थनगरी में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का इस अवसर पर आकर्षक श्रृंगार किया गया। ओंकार महाराज को गुलाब के फूल और बिल्वपत्र अर्पित किए गए, वहीं मां पार्वती का भी विशेष श्रृंगार किया गया।मंगला आरती के दौरान बाबा ओंकार को मेवा प्रसादी का भोग लगाया गया। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थनगरी पहुंचे हैं। नर्मदा घाटों पर स्नान के बाद श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है।

## नपा ने सुबह 7 बजे की कार्रवाई

# बिना अनुमति बनाई तीसरी मंजिल व बेसमेंट में अवैध निर्माण तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा में सोमवार सुबह नगर पालिका अमले ने शहर के तिलक भवन पर बिना अनुमति के हुए निर्माण को तोड़ा है। तहसीलदार व पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका के सौ से ज्यादा कर्मचारियों और अधिकारियों ने ये कार्रवाई की। व्यवसायिक तिलक भवन में बिना अनुमति बनाई गई तीसरी मंजिल व बेसमेंट में किए अवैध निर्माण को नगर पालिका ने सुबह 7 बजे तोड़ना शुरू किया। इससे पहले नगर पालिका ने शनिवार को काम्पलेक्स पर नोटिस लगाकर और माइक से मुनादी कराकर बेसमेंट में बने गोदाम व अन्य दुकानदारों को सूचना दी थी। सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि तिलक भवन के निर्माण में नगर पालिका से जो भवन निर्माण अनुमति ली गई थी, उससे ज्यादा निर्माण किया गया था। तीसरी मंजिल की अनुमति नहीं ली गई थी और बेसमेंट में भी अतिरिक्त निर्माण किया गया था।

### 15 दिन के अंदर अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया था

इस मामले में नगर पालिका ने पूर्व में जीएनके मेमोरियल प्रा ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी अभय केकरे, रामकुमार सोनी, हरीश पेशवानी और हरिशचंद्र विश्वारी के नाम से नोटिस जारी किए थे। नोटिस में उल्लेख किया गया था कि भवन की तीसरी मंजिल पर बिना अनुमति के 234.18 वर्गमीटर और बेसमेंट में 36.30 वर्गमीटर अवैध निर्माण किया गया है। 15 दिन के अंदर अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया था नगर पालिका ने 11 जुलाई को संबंधितों को 15 दिन के अंदर अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया था। इस अवधि के शनिवार को पूरी होने के बाद, नगर पालिका ने कार्रवाई की। नगरपालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया ने कहा कि अवैध निर्माण की परिपाटी अनुचित है।

## सर्व ब्राह्मण महिला इकाई ने मनाया हरियाली उत्सव

# नाटिका से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई द्वारा रविवार को मां रेवागार्डन में हरियाली उत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने हरे परिधान में उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ सावन सखी प्रतियोगिता आयोजित कि गई। जिसमे पहला स्थान पारुल काशिव, दूसरा योगमाया शर्मा और तीसरा स्थान रीना शुक्ला ने प्राप्त किया। वहीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को दर्शाती नाटिका की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के दौरान शिव पार्वती के कि सजीव झांकी बनी अनुष्का एवं अवनी ने सबका मन मोह लिया। महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने उपस्थिति महिलाओं को पौधे भेंटकर संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया जिसमे महिलाओं द्वारा नीम, आम, तुलसी, पीपल सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ खुशबू भारद्वाज, प्राचार्य काजल पांडे, प्रतिमा चौबे, अर्शिता तिवारी विशेष अतिथि के रूप मे मौजूद रही। उत्सव के दौरान साज सज्जा सामग्री, ड्रेस मटेरियल, मेंहदी, फूलबत्ती के स्टाल पूजा शुक्ला, प्रियंका उपाध्याय, शशि प्रभा शुक्ला, अर्चना करोलिया, आशा उपरीत द्वारा लगाए गए थे। कार्यक्रम का संचालन अश्लेषा शुक्ला, शानू शर्मा, विनीता राजोरिया ने किया एवं आभार सचिव अदिति गुरु ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने सुहाग सामग्री वितरित की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# बालागांव में नव दिवसीय रामायण का शुभारंभ

**हरदा।** करीबी ग्राम बालागांव के हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय रामायण पारायण का शुभारंभ किया गया। जिसमे 9 दिन तक लगातार यह परायण किया जाएगा। जिसमें गांव के हर मोहल्ले से एक दिन सेवा दी जाएगी एवं रामायण का पाठ किया जाएगा। यह आयोजन लगातार कई वर्षों से किया जा रहा है। इसमें अंतिम दिवस ग्राम के सभी ग्रामीण मिलकर काकड़ आरती कर महा प्रसादी बांटी जाती है। इस दौरान कन्या भोजन कराया जाता है। यह पाठ गांव की शांति एवं किसी भी गंभीर वायरस से ग्राम को बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना की जाती है।



## मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक

# मंदिर व्यवस्थाओं व विकास कार्यों पर की व्यापक चर्चा



**खंडवा।** ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक सोमवार को एकात्मक धाम परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल, कमिश्नर इंदौर संभाग दीपक सिंह, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा परिहार, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति तथा अन्य अधिकारी और समिति सदस्य शामिल थे। बैठक की शुरुआत में कमिश्नर दीपक सिंह ने स्पष्ट किया कि मंदिर की प्रचलित परंपराओं में कोई परिवर्तन नहीं होगा और सभी रीति-रिवाज पूर्ववत जारी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने और परिसर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। दीपक सिंह ने निर्देश दिए कि अगली बैठक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को आमंत्रित कर विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई जाए। इसके अलावा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा ओंकारेश्वर के स्थानीय अधिकारियों को शामिल कर एक कार्यकारी समिति गठित करने के भी आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्यकारी समिति की बैठक मासिक रूप से और प्रबंधन समिति की बैठक त्रैमासिक रूप से आयोजित हो।

### सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि मंदिर की वेबसाइट लॉन्च कर दी गई है, जहां से मंदिर से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही साइट पर लाइव दर्शन, पार्थेस्वर पूजन, कालसर्प पूजन व जलाभिषेक जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। बैठक में पूजा समय, परंपराओं, दर्शनार्थियों की व्यवस्थाओं, प्रोटोकॉल व्यवस्था, कर्मचारी मानदेय और विकास कार्यों की प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के अंत में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपस्थित सभी अधिकारियों और समिति सदस्यों का आभार जताया। एसडीएम.शिवम प्रजापति ने पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा ममलेश्वर मंदिर से संबंधित जानकारी साझा की।

## हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बुधनी।** रविवार को थाना शाहगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सूदोन में हनुमान मंदिर की प्रतिमा मंदिर में नहीं है प्रतिमा को छतिग्रस्त करके बाहर डाल दिया गया है पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर 298, 196बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई और आरोपी की पहचान के लिए जानकारी जुटाई गई इस पर मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी विशाल भल्लावी द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिस पर उसने अपराध किया जाना स्वीकार कर लिया पुलिस ने घटना के समय पहने कपड़े आरोपी से जप्त किए हैं आरोपी विशाल भल्लावी पुत्र स्व गेंदा लाल भल्लावी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सूदोन को न्यायालय में पेश किया गया।

## खंडवा पुलिस की सख्त कार्रवाई

# अवैध शराब बिक्री, यातायात उल्लंघन व असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं महेंद्र तारणेकर व राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 27 जुलाई को जिलेभर में प्रभावी कार्रवाई की गई। जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 02 गिरफ्तारी वारंट, 06 जमानती वारंट तथा 11 समन अलग-अलग न्यायालयों में तामील किए गए। थाना पदमनगर की आरोपी अनिता पति छगनलाल राठौर निवासी इंदौर नाका पावर हाउस के पीछे के कब्जे से प्लेन देशी शराब के 16 क्वार्टर जिसकी कीमत लगभग 1280 रुपये है, जब्त की गई।

वहीं थाना पिपलोद के आरोपी किशोर पिता श्यामलाल निवासी सेमलिया के कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, कीमत लगभग 800 रुपये, जब्त की गई। दोनों आरोपियों पर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसे मामलों में एम.व्ही. एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 3600 रुपये समन शुल्क वसूला गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की है। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 49 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इनमें धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 28 प्रकरणों में 44 अनावेदकों, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरणों में 02 अनावेदकों तथा धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरणों में 03 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत कुल 32 अनावेदकों पर बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

## संयुक्त कलेक्टर ने छात्रावासों और आश्रमों का किया निरीक्षण

# छात्र छात्राओं से हुई रूबरू, शैक्षणिक-स्तर परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी डावर यहां रविवार को छात्र छात्राओं से सीधे रूबरू हुई और उनका शैक्षणिक-स्तर परखने के लिए उनसे सवाल भी पूछे। उनके सहज-स्वभाव से छात्र-छात्राएं भी उनसे घुल-मिल गए और उन्हें खुलकर अपनी छोटी-मोटी समस्याओं से अवगत करा दिया।

संयुक्त कलेक्टर डावर यहाँ 7 छात्रावासों और आश्रमों के औचक निरीक्षण के लिए पहुंची थी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के मध्य पहुंची और उनकी पढाई-लिखाई को लेकर बारी-बारी से उनसे सवाल पूछ रही थी। जहां भी उनका स्तर कमजोर महसूस हुआ,वे तत्काल सम्बंधित अधीक्षक को निर्देशित कर देती। उन्होंने कहा कि उनकी पढ़ाई का स्तर बढाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। इसके बाद वे उनसे उनकी रोजमर्रा की समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया तो वे सामने आती गई और उन्हें एक सप्ताह में हल करने के लिए अधीक्षकों को निर्देशित किया। वे सर्वप्रथम पंधाना के सीमावर्ती मिटावल पहुंची थी और वहां की समस्या सुनने के बाद यहाँ पहुंची थी।



### देर रात तक किया निरीक्षण

संयुक्त कलेक्टर डावर ने यहाँ देर रात तक छात्रावासों और आश्रमों का निरीक्षण किया और समस्याएं सुनने का क्रम जारी रखा। उन्होंने यहाँ सुभाष चंद्र बॉस आवसीय बालिका छात्रावास, सामुदायिक कल्याण केंद्र, सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास, विमुक्त जाति छात्रावास, शासकीय आदिवासी अंग्रेजी बालक आश्रम, शा.सीनियर बालक आदिवासी उत्कृष्ट छात्रावास का भी निरीक्षण किया। वहां भी आपने छात्र-छात्राओं से पेयजल, नाश्ता,भोजन,साफ सफाई लाइट,पंखे आदि व्यवस्थाओं और समस्याओं को की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि संभाग आयुक्त इदौर और कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर उन्होंने उक्त निरीक्षण किया है और वे कलेक्टर को शीघ्र ही जांच प्रतिवेदन सौंपेगी। अधीक्षकों की बैठक होगी विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रभात परमार्थी ने बताया कि निरीक्षण में पाई गई समस्याओं को अधीक्षकों को समयावधि में हल किया जावेगा। इस सम्बन्ध में शीघ्र ही अधीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें कड़े निर्देश दिए जावेंगे।